NBT
नवभारत टाइम्स
। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 23 जुलाई 2022 www.delhi.nbt.in

बोर्ड नतीजों के साथ टॉपर्स का जश्न

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

Sunil Kataria

कोविड के बाद दिल्ली के बच्चों ने पहली बार पहला फिजिकल मोड में परीक्षा दी और अच्छा प्रदर्शन भी किया। शुक्रवार को सीबीएसई ने अचानक क्लास 12 और 10 के रिजल्ट की घोषणा की। स्टूडेंट्स परेशान जरूर हुई मगर रिजल्ट के जश्न में भी डूबे। दिल्ली के कई स्कूलों के कई छात्र-छात्राओं ने 95% और इससे ऊपर स्कोर पाया।

एमिटी इंटरनैशनल स्कूल, मयूर विहार में प्रज्जवल तिवारी, नव्या रस्तोदी ने 99.2% स्कोर हासिल किया। प्रज्जवल को फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स में 100 नंबर मिले हैं। नव्या को अकाउंटेंस, लीगल, बिजनेस स्टडीज मिले हैं। मुस्कान सिंह ने 99% और मेघा रानी ने 98.8% अंक पाए हैं। इसी स्कूल की 10वीं के अपार खरे और स्तुति जैन ने 98% स्कोर के साथ स्कूल टॉप किया है। ऐमिटी इंटरनैशनल स्कूल, साकेत में क्लास 12 की सुहानी सिन्हा और प्रगुण कुमार ने 98.8% और आरुषि गुप्ता ने 98.6% स्कोर हासिल किया है। वहीं, 10वीं के आदित्यवर्धन श्रीवास्तव ने 99.4% और प्रतुल गुप्ता ने 99.2% स्कोर पाया है।

डीपीएस मथुरा रोड के दो स्टूडेंट लक्ष्य भंसाली और ईशान शर्मा ने 99% स्कोर और प्रणव श्रीमल ने 98.8% स्कोर पाया है। एएसएन सीनियर सेकंडरी स्कूल, मयूर विहार के कॉमर्स स्ट्रीम के स्टूडेंट यश जैन ने 98.8% स्कोर, साइंस स्ट्रीम के कौस्तभ वत्स ने 97.4% और साइंस स्ट्रीम के. सिद्धार्थ ने 98.4% के साथ स्कूल टॉप किया है। 10वीं में मीमांसा छाबड़ा ने 99.6%, जाह्नवी ग्रोवर ने 98.8% और लव गुप्ता ने 98.8% नंबर मिले हैं। डीएवी श्रेष्ठ विहार की 12वीं की काव्या जुनेजा ने 98.40% और 10वीं में प्रसन्ना प्रसाद महाजन ने 99.4% करके स्कूल टॉप किया है। प्लैटो पब्लिक स्कूल के क्लास 10 की इशिता शर्मा ने 98.8% स्कोर के साथ स्कूल टॉप किया है। अर्वाचीन इंटरनैशनल स्कूल में क्लास 10 के अनुराग आर्य को 99.4% पारक स्कूल टॉप किया है। , विवेकानंद स्कूली आनंद विहार की 12वीं क्लास की मोहिनी 98.8% के साथ स्कूल में नंबर 1 पोजिशन पर हैं।

सीबीएसई की 12वीं क्लास के नतीजों में भारत नैशनल पब्लिक स्कूल के वैभव सर्राफ ने 97.8% अंक हासिल कर पहला स्थान हासिल किया है। स्कूल के प्रिंसिपल कंवलजीत खुंगर ने सभी छात्रों को बधाई दी। समालखा के हीरा पब्लिक स्कूल का 12वीं का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। स्कूल के मैनेजर पवन वत्स ने कहा कि स्कूल में उच्च स्कोर करने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। वीएसपीके इंटरनेशनल स्कूल रोहिणी में ह्यूमैनिटीज में मोहाना भगत 97.4 प्रतिशत के साथ, कॉमर्स स्ट्रीम में सचेत गर्ग 97.6 प्रतिशत और जागृत श्राफ ने 97.4 प्रतिशत के साथ टॉपर रहे हैं। स्कूल के चेयरमैन एस.के. गुप्ता ने बताया कि 90 प्रतिशत से ज्यादा स्कोर करने वाले 26 स्टूडेंट्स रहे हैं। बाल भवन पब्लिक स्कूल, मयूर विहार फेज-2 के 12वीं के देव त्रिपाठी ने कॉमर्स स्ट्रीम में स्कूल में टॉप करते हुए 97.4 प्रतिशत स्कोर किया है।

एमएम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रोमा पाठक ने बताया कि 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। साइंस स्ट्रीम में आयुष कुमार ने 98 प्रतिशत, आर्ट्स में गौरी कौशिक ने 97.2 और कॉमर्स में अंश भाटिया ने 97 पर्सेंट स्कोर किया है। पांच छात्रों के 95 पर्सेंट से ज्यादा और 21 छात्रों के 90 पर्सेंट से ज्यादा स्कोर किया है। दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हैपी इंग्लिश स्कूल शरद विहार की रिद्धी जैन ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया है। स्कूल की प्रिंसिपल आरती खुंगर ने सभी छात्रों को बधाई दी है।

मयूर पब्लिक स्कूल आईपी एक्सटेंशन का 12वीं का रिजल्ट भी 100 प्रतिशत रहा है। साइंस स्ट्रीम में हर्ष राजपूत 98.2, मानसी कंडवाल 97.2, अक्षज वासुदेव 95.8, शिव शक्ति राय 95.6 प्रतिशत स्कोर किया है। विकास भारती पब्लिक स्कूल में पिछली बार की तरह इस बार भी परिणाम शत-प्रतिशत रहा। साइंस 12वीं कक्षा में छात्रा दिवांश बंसाली ने 97.0 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रिंसिपल टीना सोलंकी ने सभी छात्र, छात्राओं शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। लवली पब्लिक स्कूल, प्रियदर्शनी विहार की प्रिंसिपल भावना मलिक ने 10वीं की स्टूडेंट प्राची शुक्ला को रिजल्ट के लिए के लिए बधाई दी।

शानदार प्रदर्शन

- माउंट आबू स्कूल रोहिणी की निष्ठा सलूजा को 500 में से 497 नंबर मिले हैं। उन्हें इकनॉमिक्स और योग में 100-100 और इंग्लिश, बिजनेस स्टडीज और अकाउंटेंसी में 99-99 अंक मिले हैं।
- रामजस स्कूल, पूसा रोड की नव्या मल्होत्रा ने भी 99.4% स्कोर हासिल किया है। उन्हें संस्कृत, मैथ्स, साइंस में परफेक्ट स्कोर मिला है। इंग्लिश में 99 और सोशल साइंस में 98 अंक मिले हैं।